आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज दूसरी बैठक है। सदन में आज शासकीय कार्यों के अलावा विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे।

विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण व चर्चा होगी। इसके अलावा अनुपूरक बजट प्रथम व अंतिम किस्त वित्तीय वर्ष 2025–26 का प्रस्तुतिकरण व पारण होगा। इसके अलावा आज सदन में मौखिक उत्तर के लिए विभिन्न सदस्यों के कुल 40 प्रश्न रखे गए हैं, जिनमें स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने का ब्यौरा, शिक्षा, पुल निर्माण, दूध खरीद, खैर कटान, पेयजल व सिंचाई योजनाएं, प्रशासनिक सुविधा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आपदा से नुकसान, सड़क विस्तारीकरण, विधायक प्राथमिकता जैसे अन्य सवालों के प्रश्न पूछे जाएंगे। सदन में अन्य विधायी व शासकीय कार्य भी निपटाए जाएंगे। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

मंत्रिमंडल– संक्षिप्त जानकारी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2026–27 से वर्ष 2030–31 की अवधि के लिए ''लघु जलविद्युत विकास योजना'' को मंजूरी दे दी है। जिसकी कुल लागत लगभग 2 हजार 5 सौ 85 करोड़ रुपये है। इस योजना का उद्देश्य लगभग एक हजार 500 मेगावाट क्षमता की लघु जलविद्युत परियोजनाओं की स्थापना करना है। इससे लघु जलविद्युत क्षेत्र में करीब 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है, जो स्वच्छ ऊर्जा पहल को बढ़ावा देने, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

कल, नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना राज्यों को लगभग 200 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे भविष्य में लघु जलविद्युत परियोजनाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार की जा सकेगी।

शिपकी ला

भारत और चीन के मध्य पहली जून से किन्नौर के शिपकी ला दर्रे से व्यापार आरम्भ होगा और इसे सफल बनाने के दृष्टिगत अहम तैयारियां की जा रही हैं। भारत–चीन शिपकी ला व्यापार समझौते

को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कल रिकांगपिओ में एक बैठक की गयी। उपायुक्त ने बताया कि इस व्यापार को सफल बनाने के लिए पूह उपमंडल की ग्राम पंचायत नमझा के छुप्पन में व्यापारियों के लिए गोदाम व दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय सेना, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल व कस्टम्स विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा और कार्य क्षेत्रों का निर्धारण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि सीमा पार व्यापार करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि का पावन उत्सव आज से शुरू हो गया है। नवरात्र के साथ ही हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ हो गया है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर देश सहित प्रदेश में भी उत्साह और उमंग का माहौल है। नवरात्रि के पहले दिन आज प्रदेश के मंदिरों और शक्तिपीठों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आ रही है। विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ और नवरात्र मेलों के चलते प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में बीते कल से वर्षा व बर्फबारी का सिलसिला जारी है। प्रदेश की उंची चोटियों पर रूक–रूक कर हिमपात और अन्य क्षेत्रों में आज भी हल्की वर्षा के समाचार हैं। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई है जिससे प्रदेश में एक बार फिर ठंड ने दस्तक दी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी।

चम्बा, किन्नौर, लाहौल स्पीति सहित कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर रूक–रूक कर हो रहे हिमपात व मैदानी क्षेत्रों में हल्की वर्षा व ओलावृष्टि से प्रदेश में एक बार फिर ठंडक ने दस्तक दे दी है। चंबा जिला में पठानकोट, चंबा, भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई अन्य सड़क मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं हालांकि इन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। इधर भारी बर्फबारी और खराब मौसम को देखते हुए लाहौल स्पीति प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर से आवाजाही को बंद कर दिया है। किन्नौर जिले में बारिश के चलते राष्ट्रीय उच्च मार्ग पांच मलिंग नाला के पास चट्टाने गिरने से सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गया है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि से फसलों को भी नुकसान पहुंचने के भी समाचार हैं।

मौसम–2

इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आज और कल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी

किया गया है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के चलते तापमान में चार से पांच डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।